# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२२-२०२३

कक्षा:- चार | विषय: हिंदी | पाठ: १० बल्लू हाथी का बालघर

## कठिन शब्द

१. समस्याएँ

२. निर्णय

३. मुकाबला

४. चंगुल

५. शिकारियों

६. विश्वास

७. तरकीब

८. सहयोग

९. ज़िम्मेदारी

१०. दुखियारा

११. सुरक्षित

१२. परिचय

१३.अहाते

१४. महावत

१५. बेरहम

१६. बेशर्म

१७. स्वार्थी

१८. चापलूसी

१९. जन्मभूमि

२०. आभारी

## प्रश्न/उत्तर

**प्रश्न १. जंगल में हाथी को किसकी याद आ रही थी?**

**उत्तर:- हाथी को आदमी के उस बच्चे की याद आ रही थी, जो उसे बहुत प्यार करता था|**

**प्रश्न २:- हाथी ने क्या सोचकर आदमी का घर छोड़ दिया?**

**उत्तर:- अपने दुख से छुटकारा पाने के लिए हाथी ने आदमी का घर छोड़ दिया।**

**प्रश्न ३:- शिकारियों का मुकाबला शेर क्यों करना चाहता था?**

**उत्तर:- शिकारी जंगल के जानवरों को मारा करते थे, इसलिए शेर उनका मुकाबला करना चाहता था।**

प्रश्न ४:- बूढ़ा हाथी बच्चों की देखभाल किस तरह करना चाहता था?

उत्तर:- बूढ़ा हाथी एक बालघर बनवाना चाहता था, जहाँ वह जानवरों के बच्चों को कहानियाँ सुनाएगा और तरह तरह के खेल सिखाएगा।

## वाक्य प्रयोग

१. कोसना-( बुरा-भला कहना)

हर बात के लिए सरकार को कोसना उचित नहीं है|

२. तरकीब- उपाय

पुलिस ने चोर को पकड़ने की तरकीब निकाली|

३. बेरहम- दिल से कठोर

बेरहम शिकारी ने कई जानवरों को मार डाला।

४. दुखियारा- जो दुख से भरा हो

एक दुखियारा व्यक्ति ठंड में ठिठुर रहा था|

५. मात खाना- हार जाना

मेरे मित्र ने अजीत से शतरंज की बाज़ी में मात खाई|

## रिक्त स्थान

१. हमें खरगोश की बुद्धिमानी पर गर्व है।

२. बच्चे मिल-जुल कर रहना पसंद करते हैं।

३. **<u>कामचोरों</u> और <u>भिखारियों</u> की तो आदमियों के जंगल में भी इज्ज़त नहीं होती|**

४. **कुछ आदमी तो अपने ही <u>बड़े-बूढ़ों</u> का ध्यान नहीं रखते|**

५. **बच्चों के दिमाग <u>कोमल</u> होते हैं।**